Book Ad Any category of Classified and get
**Special Discount**
Times of India/ Hindustan Times/ Dainik Jagran / Amar Ujala/ Navbharat Times Hindustan Hindi
**Discount Code TBC10**
Contact:
**Kunika Advertising**
Plot no- 516. Sector-12, Friends Co-operative Society, Vasundhra, Ghaziabad
**Mo. 8130640000**

**Year**-15 **Issue**- 17
Ghaziabad, Sunday, 24 Sept. - 2023

24 Sept., to 30 Sept., - 2023

**Page:** 8

**Postal Registration No:** UP/GZB-80/2016-18
**RNI.No:** UPBIL/2009/28691
**DAVP Code:** 101473
**Editor:** Dheeraj Kumar
**Mob.:** 9871895198

# TIRUPATI BALAJI CHRONICLE

Hindi/English {Bi-Lingual} Weekly Ghaziabad
डीएवीपी एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
www.tbcgzb.com
Email: editor@tbam.co.in

Page 3

Page 5

Page 8


# 1100 से अधिक टीबी मरीजों को गोद लेने पर राज्यपाल ने किया डॉ. धीरज भार्गव को सम्मानित

**टीबीसी न्यूज**

**लखनऊ।** प्रदेश में टीबी उन्मूलन के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वालों को राज्यपाल ने सम्मानित किया। बीते रविवार को राजभवन में आयोजित विशेष कार्यक्रम में राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम व प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत बेहतर प्रदर्शन करने वालों को सम्मानित किया।

आयुष्मान भवः समारोह में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने आरएचएएम यानि रहम फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. धीरज कुमार भार्गव को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि टीबी उन्मूलन में महत्वपूर्ण योगदान के लिए डॉ. धीरज कुमार भार्गव को सन 2020 और 2021 में भी राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया गया था। इस मौके पर राज्य मंत्री चिकित्सा शिक्षा व स्वास्थ्य मयंकेश्वर शरण सिंह, प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

डॉ. धीरज कुमार भार्गव के नेतृत्व में आरएचएएम फाउंडेशन ने गाजियाबाद व आसपास के 11 सौ से ज्यादा टीबी मरीजों को गोद लिया है। इन मरीजों की देखभाल के अलावा फाउंडेशन की ओर से इन्हें न्यूट्रीशन फूड्स का भी वितरण किया जाता है।

डॉ. धीरज कुमार भार्गव ने बताया कि रहम फाउंडेशन ने रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सैफ्रोन, रोटरी क्लब आफ इंदिरापुरम गैलोर, रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली ईस्ट एंड के सहयोग से प्रधानमंत्री के देश से 2025 तक टीबी मुक्त करने के संकल्प के तहत गाजियाबाद को टीबी से मुक्त करने का संकल्प लिया है। इसके तहत रहम फाउंडेशन की ओर से मलिन बस्तियों और अन्य स्थानों पर कैंप लगाकर लोगों को टीबी की बीमारी और इसके इलाज के बारे में बताया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जहां भी टीबी मरीज मिलता है, उसे तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया जाता है। साथ ही, अब तक 11 सौ टीबी मरीजों को गोद लिया गया है। जब तक गाजियाबाद और आसपास टीबी से मुक्त नहीं हो जाता है, तबतक अभियान चलेगा। कार्यक्रम में कई जिलों के क्षय रोग अधिकारियों को सम्मानित किया गया।



# आधी आबादी को मिलेगा राजनीति में उनका हक

**टीबीसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** महिला आरक्षण विधेयक गुरुवार को राज्यसभा में भी पास हो गया। इस विधेयक के कानून बनने के बाद लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक-तिहाई सीटें आरक्षित की जाएंगी। बुधवार को लोकसभा में मौजूद 456 सांसदों में से दो ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के खिलाफ मतदान किया था। जबकि गुरुवार को राज्यसभा में मौजूद सभी 214 सांसदों ने इसके पक्ष में मतदान किया।
बिल के समर्थन में 214 वोट डाले गए, जबकि विरोध में एक भी वोट नहीं पड़ा। इससे पहले बुधवार को लोकसभा में महिला आरक्षण बिल पास हो गया था। अब बिल को राष्ट्रपति के पास भेजा जाएगा. राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद महिला आरक्षण बिल, कानून बन जाएगा। हालांकि, पहले जनगणना और सीटों के परिसीमन का काम होगा। उच्च सदन में विधेयक पारित के बाद दोनों सदनों को अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया गया है।
जानकारों का कहना है कि महिला आरक्षण बिल को अभी भी लंबा सफर तय करना है। जनगणना और परमीसन के बाद महिला आरक्षण विधेयक साल 2029 के लोकसभा चुनाव तक ही लागू हो सकेगा। 128वें संविधान संशोधन विधेयक (नारी शक्ति वंदन अधिनियम) को अब अधिकांश राज्य विधानसभाओं की मंजूरी की आवश्यकता होगी। इसे जनगणना के आधार पर संसदीय और विधानसभा क्षेत्रों को फिर से तैयार करने के लिए परिसीमन के बाद लागू किया जाएगा। सरकार ने कहा है कि इस प्रक्रिया को अगले साल शुरू किया जाएगा।
अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को 33 प्रतिशत कोटा के भीतर आरक्षण देने समेत कई संशोधनों को खारिज किए जाने के बाद विधेयक पारित किया गया है। लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण हॉरिजॉन्टल और वर्टिकल दोनों होगा, जो एससी-एसटी कैटेगिरी पर लागू होगा। बता दें कि देश के 95 करोड़ पंजीकृत मतदाताओं में से करीब आधी महिलाएं हैं, लेकिन संसद में सिर्फ 15 प्रतिशत और राज्य विधानसभाओं में उनकी हिस्सेदारी 10 प्रतिशत है. महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण संसद के उच्च सदन (राज्यसभा) और राज्य विधान परिषदों में लागू नहीं होगा।
कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने राज्यसभा में कहा, उचित प्रक्रिया का पालन करने के बाद संविधान (128वां संशोधन) विधेयक, 2023 को लागू किया जाएगा। कर्मचारियों के लिए जनगणना का काम आसान नहीं है। इसमें विभिन्न सामाजिक और आर्थिक मापदंडों से संबंधित डेटा एकत्रित करना होता है। उन्होंने सदन को आश्वासन दिया कि सरकार महिला आरक्षण विधेयक को लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है।



## TIRUPATI EYE

# एक हफ्ते में मिलेगा आय, जाति व निवास प्रमाण पत्र

**टीबीसी न्यूज**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य के सभी डीएम को ई-डिस्ट्रिक्ट सेवाओं को तय समय सीमा के अंदर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। वहीं, तय समय सीमा के बाद लंबित मामलों पर जिलाधिकारियों को जवाबदेही तय करने को कहा है। उन्होंने जिलाधिकारियों को ई-डिस्ट्रिक्ट सेवाओं के निस्तारण में लेटलतीफी करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।
मुख्यमंत्री ने सीएम कमांड सेंटर और डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक की। अब प्रदेशवासियों को जाति, निवास, आय और हैसियत प्रमाण पत्र के लिए लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। अधिकारियों ने बताया कि ई-डिस्ट्रिक्ट के तहत जनवरी से अब तक 61,32,976 जाति प्रमाण पत्र के आवेदन मिले, जिन्हें 15 दिनों में जारी किया जाता है। अब तक 59,13,420 आवेदन को निस्तारित हो चुके हैं, जिसका अनुपात 96 प्रतिशत है। इसी अवधि में 96 प्रतिशत निवास प्रमाण पत्र, 95 प्रतिशत आय प्रमाण पत्र, 58 प्रतिशत हैसियत प्रमाण पत्र के आवेदन निस्तारित किए गए। सीएम योगी ने ई-डिस्ट्रिक्ट सेवाओं की समय सीमा एक हफ्ते में करने को कहा है। आवेदनों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न की जाए।

**BUREAU OFFICE**
**PRATEEK BHARGAVA**
BUREAU CHIEF
Add: Plot No- 516, Sector 12, Friends Co-operative Society, Vasundhra, Ghaziabad (U.P.)
Mo.: 8130640011
e-mail: prateekb@tbcgzb.com
Contact for Press Release and Advertisements

## भगवती इंस्टीट्यूट में हिन्दी पखवाड़ा आयोजित

टीबीसी न्यूज




**गाजियाबाद।** मसूरी स्थित भगवती इंस्टीट्यूट में हिन्दी पखवाड़ा-2023 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मयंक गोयल और विशिष्ठ अतिथि भाजपा नेता के डी त्यागी ने हिन्दी के ज्यादा प्रयोग पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हिन्दी पूरे भारत में बोली जाने वाली भाषा है। हिन्दी को किसी से खतरा नहीं है। इंस्टीट्यूट के वाइस चेयरमैन राकेश सिंघल और मैनेजर डॉ. गौरव शर्मा ने कवियों को सम्मानित किया। इसके बाद कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें मोदीनगर के अवनीत समर्थ की अध्यक्षता में कवियों ने कविताएं पेश की। इनमें वैभव शर्मा, सचिन कुमार, विकास, विजय सिंह त्यागी ने कविताएं पेश कीं। इस मौके पर दृष्टिकोण क्लब के हेड प्रो. योगेश शर्मा, प्रो. पवन कुमार, हिमानी, ऋतिक शर्मा, नितेश, कुमकुम मिश्रा आदि उपस्थित थे।

## भगवती इंस्टीट्यूट में गणेश पूजा का आयोजन

टीबीसी न्यूज



**गाजियाबाद।** मसूरी स्थित भगवती इंस्टीट्यूट में विघ्नहर्ता गणपति पूजन का आयोजन किया गया। संस्थान के उपाध्यक्ष राकेश सिंघल, सचिव हिमांशु सिंघल, सह सचिव आयुष सिंघल और कार्यकारी सदस्य स्मृति सिंघल ने पूजा अर्चना की। सभी छात्र-छात्राओं ने पूजा अर्चना में भाग लिया। पुरोहित अंकुर शर्मा पिलखुआ वाले ने दिव्य व भव्य अनुष्ठान कराया। उपाध्यक्ष राकेश सिंहल ने बताया कि रोज त्रिकाल संध्या की आरती की जाएगी। जिसमें मैनेजमेंट स्टाफ के साथ छात्र-छात्राएं भी शामिल होंगे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सहकारी बी-पैक्स महासदस्यता अभियान की बैठक आयोजित

टीबीसी न्यूज



**गाजियाबाद।** सहकारी बी-पैक्स महासदस्यता अभियान के सम्बन्ध में बुधवार को जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह जी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की गई। बैठक में सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक ने बताया कि सहकारिता भारत का मूलभाव है। सहकारिता आन्दोलन अपार संभावनाओं से भरा हुआ है और प्रगति के द्वार खोलता है। सहकारिता में परस्पर सहयोग से हम सब मिलकर बड़े से बड़ा काम कर सकते है। सहकारिता पर आधारित ग्रामीण अर्थव्यवस्था के विकास मॉडल को अपनाकर प्रदेश में प्रधानमंत्री के सहकार से समृद्धि के सपने को साकार करने के लिए प्रदेश सरकार कटिबद्ध है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आत्म निर्भर उत्तर प्रदेश के संकल्प को पूर्ण करने में सहकारिता आन्दोलन की महत्वपूर्ण भूमिका है। भारत को 5 ट्रिलियन डॉलर व उत्तर प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में सहकारिता का अहम योगदान होगा।

01 सितम्बर 2023 से 30 सितम्बर 2023 तक प्रदेश में महासदस्यता अभियान प्रारम्भ हुआ है। उक्त बैठक में जिला कृषि अधिकारी, जिला पंचायती राज अधिकारी प्रदीप कुमार द्विवेदी, श्रद्धा आनंग सहायक श्रमायुक्त, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला गन्ना अधिकारी, उपायुक्त , समस्त खण्ड विकास अधिकारी, प्रधानाचार्य आईटीआई, शशि वार्ष्णेय जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं जिला उद्यान अधिकारी, गाजियाबाद को 22 से 25 सितम्बर 2023 को अपने विभागों के माध्यम से बी-पैक्स में सदस्य बनाने के लिए जिलाधिकारी की ओर से निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने कहा कि सहकारी बी-पैक्स महासदस्यता अभियान की सभी समितियों में सदस्यों को सम्मलित किया जाये। उन्होंने कहा कि जिला आपूर्ति विभाग और जिला गन्ना विभाग के अधिकारी विशेष तौर सदस्यों को जोड़ने का कार्य करें और सभी विभाग समयसीमा पर सभी सदस्यों को जोड़ते हुए लक्ष्य की प्राप्ति करें। उन्होंने इस योजना में कोई कोताही नहीं बरतने की चेतावनी दी। इस अवसर पर बैठक से सम्बंधित सभी विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# गाजियाबाद में मेजर ध्यान चंद खेल स्पर्धा का आयोजन

टीबीसी न्यूज



**गाजियाबाद।** खेल जगत फाउंडेशन उत्तर प्रदेश द्वारा खेल विभाग उत्तर प्रदेश युवा कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के सहयोग से प्रदेश के सभी 75 जनपदों में चलने वाली मेजर ध्यानचंद खेल स्पर्धा कार्यक्रम का आयोजन महामाया स्पोर्ट्स स्टेडियम किया गया। खेल स्पर्धा में खो-खो, रस्साकाशी, ताइक्वांडो, कराटे,हॉकी,योग, शतरंज की प्रतियोगिताएं आदि आयोजित की गई। मेजर ध्यानचंद खेल स्पर्धा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खो खो फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव एमएस त्यागी ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। उन्होंने हर प्रकार से खो खो फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा खेल जगत फाउंडेशन को सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर क्रीड़ा अधिकारी पूनम विश्नोई, केंद्रीय विद्यालय आईवीआरआई बरेली के पूर्व लेक्चरर राजवीर सिंह, पूजा त्यागी, प्रदीप गौतम, डॉ प्रवीण कुमार, कपिल शर्मा सहित अन्य अधिकारी खिलाड़ियों का सहयोग प्राप्त हुआ।

# विजयनगर, मोहननगर तथा वसुंधरा जोन में स्मार्ट ट्रांसफर स्टेशन का काम पूरा



टीबीसी न्यूज

**गाजियाबाद।** नगर निगम द्वारा स्मार्ट ट्रांसफर स्टेशन बनाए जा रहे हैं। विजयनगर, मोहननगर, तथा वसुंधरा जोन में स्मार्ट ट्रांसफर स्टेशन का कार्य पूर्ण हो चुका है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने कविनगर जोन के अंतर्गत निमार्णाधीन स्मार्ट ट्रांसफर स्टेशन का जायजा लिया। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश ने बताया कि नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में पांचों जोन में स्मार्ट ट्रांसफर स्टेशन लगाने का कार्य तेजी से चल रहा है। कविनगर स्थित गोविंदपुरम, मधुबन और बापूधाम में आधुनिक तकनीकी से युक्त मशीनों का इस्तेमाल कर कविनगर जोन के कचरे को कैप्सूल के अंदर डालकर डंपिंग ग्राउंड तक भेजा जाएगा। इससे शहर के निवासियों को राहत मिलेगी। कूड़ा ढक कर कैप्सूल्स के माध्यम से प्रोसेसिंग यूनिट तक पहुंचेगा। इस प्रक्रिया से वायु प्रदूषण नहीं होगा। 150 से 200 टीपीडी का ट्रांसफर स्टेशन बन रहा है। इसकी शुरूआत 2 अक्टूबर को की जाएगी। इससे कविनगर और आसपास के निवासियों को काफी राहत मिलेगी। खुले में ट्रक या अन्य माध्यम से कचरा सड़कों पर नहीं बिखरेगा। ट्रिपल पी मॉडल पर ट्रांसफर स्टेशन द्वारा कार्य किया जाएगा। जमीन जीडीए द्वारा उपलब्ध कराई गई है। सेकेंडरी कलेक्शन ठेकेदार द्वारा ट्रांसफर स्टेशन का संचालन किया जाएगा। कविनगर जोन के बाद सिटी जोन में भी स्थान का चयन कर स्मार्ट ट्रांसफर स्टेशन की स्थापना की जाएगी।

# शहर की सबसे पुरानी सुल्लामल रामलीला के लिए किया गया भूमि पूजन, 8 अक्टूबर को नगर में रावण दूत घूमेगा

टीबीसी न्यूज



**गाजियाबाद।** शहर की सबसे पुरानी सुल्लामल रामलीला ने 126 वर्ष में प्रवेश कर लिया। पुरानी एवं लोकप्रिय श्री सुल्लामल रामलीला कमेटी की ओर से बुधवार को भूमि पूजन के साथ रामलीला महोत्सव-2023 की भव्य तैयारी शुरू हो गई है। इस अवसर पर अतिथि के रूप में मंत्री नरेंद्र कश्यप ने विधिवत भूमिपूजन किया। भूमि पूजन के दौरान महापौर सुनीता दयाल, शहर विधायक अतुल गर्ग, पूर्व मंत्री सतीश शर्मा, पूर्व विधायक सुरेंद्र कुमार मुन्नी, एमएलसी दिनेश गोयल, चीफ वार्डन ललित जायसवाल, जितेंद्र यादव अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

इस अवसर पर शहर विधायक अतुल गर्ग ने कहा कि एक सौ 26 साल से अधिक पुरानी इस ऐतिहासिक रामलीला के भूमि पूजन में शामिल होना मेरे लिए गौरव की बात है। मैं बचपन से इस रामलीला को देखते हुए बड़ा हुआ हूं। पंडितों ने विधिवत रूप से मंत्रों का उच्चारण कर रामलीला मंच को राममय कर दिया। इस अवसर पर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष वीरेंद्रकुमार वीरो व कार्यवाहक महामंत्री दिनेश शर्मा बब्बे ने बताया कि 8 अक्टूबर को रावण का दूत नगर भ्रमण करेगा। उस के बाद 9 अक्टूबर को गणेश पूजन के बाद लीला प्रारम्भ होगी। भूमि पूजन में मुख्य रूप से उस्ताद अशोक गोयल, कनिष्ठ उपाध्यक्ष संजीव मित्तल, कोषाध्यक्ष अनिल चौधरी, राजेन्द्र मित्तल मेंदी वाले, ज्ञान प्रकाश गोयल, विनय सिंघल, नंद किशोर शर्मा, राधवेंद्र शर्मा, श्री कांत राही, सुबोध गुप्ता, राकेश स्वामी, राजेश बंसल, पवन गुप्ता, राकेश मित्तल, पार्षद नीरज गोयल, पार्षद अजित निगम आदि उपस्थित रहे।

# क्रिकेट स्टेडियम के लिए ग्रामीणों ने दिया धरना

टीबीसी न्यूज

**गाजियाबाद।** ग्राम मोरटी के पास प्रस्तावित क्रिकेट स्टेडियम बनाने के लिए मोरटी के लोगों का अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। इस गांव के लोगों की मांग है कि यहां जल्द से जल्द क्रिकेट स्टेडियम बनना चाहिए। इसके लिए जमीन अधिग्रहण सहित सभी तैयारियां कर ली गई हैं। मोरटी के लोगों ने बुधवार से अनिश्चितकालीन धरने की शुरूआत कर दी है। गाजियाबाद में प्रस्तावित क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण शुरू कराने के लिए धरना दिया जा रहा है। धरना दे रहे प्रदीप त्यागी ने बताया कि गाजियाबाद में 2018 को स्टेडियम बनाने की घोषणा मुख्यमंत्री ने की थी। इसके लिए नियमानुसार 30 एकड़ भूमि का अधिग्रहण भी किया जा चुका है, लेकिन गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने अभी तक काम शुरू नहीं किया है। प्रदीप त्यागी ने बताया कि जब तक गाजियाबाद में क्रिकेट स्टेडियम का काम शुरू नहीं होगा, ग्राम मोरटी के लोगों का धरना चलता रहेगा।

# 25वें ब्राह्मण युवक-युवती परिचय सम्मेलन को लेकर जबर्दस्त उत्साह, हो चुके हैं 250 पंजीकरण

टीबीसी न्यूज

**गाजियाबाद।** अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा महानगर और जनपद द्वारा 25वां ब्राह्मण युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इसका आयोजन 28 व 29 अक्टूबर को लोहिया नगर स्थित अग्रसेन भवन में होगा। अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के मुख्य संयोजक पं. जेके गौड़ ने बताया कि अग्रसेन भवन में होने वाले परिचय सम्मेलन को लेकर समाज के युवाओं में बहुत उत्साह है। इसी के चलते अब तक 250 से अधिक युवक-युवतियों के पंजीकरण परिचय सम्मेलन के लिए हो चुके हैं। इन युवक युवतियों में गाजियाबाद समेत उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों के अलावा दिल्ली, गुड़गांव, फरीदाबाद, उत्तराखंड, राजस्थान आदि के युवक युवतियां शामिल हैं।

वर्ष 2022 में हुए परिचय सम्मेलन में लगभग 600 युवक युवतियों ने पंजीकरण कराया था। जबकि इस वर्ष अभी तक 250 से अधिक पंजीकरण हो चुके हैं और पंजीकरण के लिए अभी एक महीने से अधिक का समय है। ऐसे में इस बार के परिचय सम्मेलन में 700 से अधिक युवाओं के पंजीकरण कराने की उम्मीद है। पं. जे के गौड़ ने बताया कि अब तक जो 24 परिचय सम्मेलन हुए है, उनके माध्यम से हजारों युवाओं को योग्य जीवन साथी मिल चुके हैं और ये सफल दाम्पत्य जीवन जी रहे हैं। उन्होंने बताया कि संस्था का उददेश्य यही है कि विवाह महोत्सव में होने वाले फिजुलखर्च पर अंकुश लगे, दहेज जैसी सामाजिक बुराई का अंत हो और युवाओं को योग्य जीवन साथी मिले। इसी उद्देश्य को पूरा करने के लिए अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मन महासभा महानगर और जनपद द्वारा हर वर्ष वैवाहिक परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। संस्था सामाजिक कार्यों में भी सदा आगे रहती है।



जरूरतमंदों की मदद, जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को शिक्ष्ज्ञा के प्रति जागरूक करने, जरूरतमंद बच्चों की पढ़ाई में मदद करने, उन्हें स्टेशनरी आदि का वितरण करने जैसे कार्य भी लगातार किए जा रहे हैं।

संस्था के जिलाध्यक्ष पं. जयनंद शर्मा ने बताया कि 25 वें युवक युवती परिचय सम्मेलन का उदघाटन 28 अक्टूबर को संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. गोपाल दत्त कौशिक करेंगे। मीडिया प्रभारी डॉ. धीरज कुमार भार्गव ने बताया कि सम्मेलन में दोनों दिन संस्था के राष्ट्रीय और प्रदेशीय पदाधिकारी मौजूद रहेंगे।

प्रेसवार्ता में संस्था के प्रेरणाश्रोत पं. प्राणनाथ शर्मा, महानगर अध्यक्ष पं. सुभाष शर्मा, सम्मेलन के अध्यक्ष पं. डीडी शर्मा, पं. आदेश शर्मा, महामंत्री पं. विजय भारद्वाज, पं. संदीप शर्मा, पं. सुभाष शर्मा, पं. बुद्धप्रकाश शर्मा, पं. जेपी शर्मा, पं. हिमांशु भारद्वाज, संयोजक पं. अजय शर्मा, संयोजक उमेश शर्मा, पं. मूलचंद शर्मा, पं. फेरूदत्त शर्मा, पं. अजय शर्मा, पं. उमेश शर्मा, पं. अमित भारद्वाज, पं. परमानंद गौड़, पं. सुभाष शर्मा, पं. दिनेश शर्मा आदि मौजूद थे।

# मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत निकाली कलश यात्रा




टीबीसी न्यूज

**गाजियाबाद।** मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत 1 सितंबर से 31 सितंबर तक हर ग्राम से ढोल नगाड़ों के साथ कलश यात्रा निकाली जा रही है। इसके तहत मंगलवार को लोनी के फर्रुखनगर में अमृत कलश यात्रा का आयोजन किया गया।

इसमें सबसे पहले प्राइमरी स्कूल में स्थापित शिलाफलकम पर नेहरू युवा केंद्र के उपनिदेशक, देवेंद्र कुमार, ग्राम प्रधान योगेश गुप्ता, प्राइमरी स्कूल के अध्यापक एवं अध्यापिकाएं सुधा, नेहा गुप्ता, हर्षवर्धन, आरिफ, शमसुद्दीन, जयभावनी, उषा, राधा, रूक्षणा, रिजवाना, छात्र-छात्राओं और ग्रामवासियों ने शिलाफलकम पर पंच प्रण की शपथ ली।

उसके बाद रैली के रूप में घर घर गए, जहां गृहणियों ने बड़े ही उत्साह के साथ अमृत कलश में मिट्टी तथा अक्षत अर्पित किए। कार्यक्रम का संयोजन राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक तालिब ने किया। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह के निर्देशन तथा उपनिदेशक देवेंद्र कुमार, नेहरू युवा केन्द्र की देखरेख में पूरे जिले में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम कार्यक्रम चलाया जा रहा है।



# Editorial

## The India-Canada Rift

Canadian Prime Minister Justin Trudeau's allegation that India was involved in the killing of Hardeep Singh Nijjar, a Sikh separatist leader and the head of the Khalistan Tiger Force, a declared terrorist organization, and the actions taken on the same, has caused a rift in the diplomatic relationship between the two countries. Canada has expelled a diplomatic officer accusing the Indian diplomatic service of involvement in the murder. India promptly retaliated in the same coin by expelling a Canadian embassy official. India issued travel advisories to Canada citing security concerns too.

India has now decided to suspend issuing visas to Canadians until further notice. Bilateral relations have taken a beating as both sides started taking action and counter-response. As Sikh protest over the incident intensifies, the Indian diaspora in Canada, which has the largest Sikh presence in the world outside of Punjab, is worried. Separatist organizations working for an independent Sikh state have long been active in Canada. The particular democratic structures and conditions of that nation work in their favour.

Nijjar, a native of Bhar Singh Pura in the Jalandhar district of Punjab migrated to Canada in 1997. He was the president of Guru Nanak Sikh Gurdwara in Surrey, British Columbia, Canada. However, in 2020, the Ministry of Home Affairs declared Nijjar a terrorist under the Unlawful Activities (Prevention) Act (UAPA). It was alleged that Nijjar had made provocative statements and shared photographs and videos on social media platforms to "spread insurrectionary imputations" through hate speeches.

Last year, the National Investigation Agency (NIA) had announced a reward of Rs 10 lakh to those who provided information about Nijjar, who was also listed as an accused in four cases. Nijjar has been accused of masterminding attacks on Hindu monks in Phillore, attacks on RSS leaders and programs in Punjab, holding the referendum for Khalistan in 2020 and various crimes.

**Dr. Dheeraj Kumar Bhargava**

# What is the Women's Reservation Bill

**TBC News**



The Constitution 108th Amendment Bill, 2008 seeks to reserve one-third (33%) of the total number of seats in state legislative Assemblies and Parliament for women. The bill proposes sub-reservation for SCs, STs and Anglo-Indians within the 33% quota. Reserved seats may be allotted by rotation to different constituencies in the state or union territory. The bill says that the reservation of seats for women shall cease to exist 15 years after the commencement of the amendment act.

**Women's Reservation Bill: History**

It was former prime minister Rajiv Gandhi who in May 1989 first planted the seed of women reservation in elected bodies by introducing the Constitution Amendment Bill to provide one-third reservation for women in rural and urban local bodies. The Bill was passed in Lok Sabha but failed to get passed in Rajya Sabha in September 1989.

In 1992 and 1993, then prime minister P.V. Narasimha Rao reintroduced the Constitution Amendment Bills 72 and 73, which reserved one third (33%) of all seats and chairperson posts for women in rural and urban local bodies. The Bills were passed by both the houses and became the law of the nation. Now there are nearly 15 lakh elected women representatives in panchayats and nagarpalikas across the country.

September 12, 1996, then Deve Gowda-led United Front government for the first time introduced the 81st Constitution Amendment Bill in Lok Sabha for reservation of women in the Parliament. After the Bill failed to get approval in Lok Sabha, it was referred to a Joint Parliamentary Committee chaired by Geeta Mukherjee. The Mukherjee commttee presented its report in December 1996. However, the Bill lapsed with the dissolution of the Lok Sabha.

Two years later, the Atal Bihari Vajpayee-led NDA government pushed the WRB Bill in the 12th Lok Sabha in 1998. However, this time too, the Bill failed to get support, and lapsed again. It was subsequently reintroduced in 1999, 2002 and 2003 under the Vajpayee government, but with no success.

Five years later, the WRB bill again gained some traction during Manmohan Singh-led UPA government-1. In 2004, the government included it in its Common Minimum Programme and finally tabled it on 6 May 2008, this time in Rajya Sabha to prevent it from lapsing again. Five of the seven recommendations made by the 1996 Geeta Mukherjee Committee were included in this version of the Bill. The legislation was sent to the standing committee on May 9, 2008. The standing committee presented its report on December 17, 2009. It got the stamp of approval from the Union Cabinet in February 2010. The Bill was eventually passed in the Rajya Sabha with 186-1 votes on March 9, 2010.

## Amita Mohindru and Capt. Dr Anil Mohindru donate wheel chair to a divyang






**TBC News**

**Ghaziabad:** A wheel chair sponsored by Rotarian DG 25-26 Dr Amita Mohindru and Capt. Dr Anil Mohindru was given to Om Prakash, a resident of Bhatia more. He was delighted after getting the wheel chair. Capt. Dr Anil Mohindru, who is Patron Member of RHAM Foundation, said the wheel chair was given to Om Prakash to get livelihood for the family. Under the social welfare scheme of Rotary Club, under underprivileged Person like handicapped are given wheel chairs. He said, till date more than 13 persons got wheel chairs. The above project is coordinated by Dr Dheeraj Bhargava, under RHAM Foundation and Rotary Club of Indirapuram Galore, Rotary club of Ghaziabad Saffron, Delhi Eastend Ghaziabad Sunrays and Ghaziabad North central with other associates. PDG Ashok Agarwal was present and motivated to the team. Rotarian Dr. Deeraj Bhargava and Prateek Bhargava was also present.

# UP Govt Ad Features Cong Poster Boy

**TBC News**




What is the similarity between the Bhupesh Baghel-led Congress government in Chhattisgarh and the Yogi Adityanath-led BJP dispensation in Uttar Pradesh? No, it's not political freebies or policies but 'poster boy' Harnam Singh who features on hoardings of both states.

In what can be termed a faux pas by BJP, Singh — a farmer who hails from UP's Lucknow — has become the talk of the town since his cut-out was displayed on UP government hoardings, three years after it was used by the Congress to highlight farmer welfare schemes on the occasion of the birth anniversary of former prime minister Rajiv Gandhi.

The Congress posters then also featured Chhattisgarh Chief Minister Bhupesh Baghel and were all over Twitter in 2020, highlighting the government's schemes for farmers. It included the Rajiv Gandhi Nyay Yojana worth Rs 1,500 crore, Godhan Nyay Yojana worth Rs 4.5 crore, and Tendu Patta Sangrahan Protsahan Parishramik scheme worth Rs 233 crore.

Cut to three years later, Singh's pictures were seen once again on the banners of the UP government across prime locations in Lucknow. One such hoarding put up near Lucknow's Gomti River Front area highlights PM Kisan Samman Nidhi, stating that an amount of Rs 60,845 crore has already been transferred to 2.63 crore farmers. Apart from Singh, the hoarding also bears the image of Yogi Adityanath and Prime Minister Narendra Modi.

The official of Information department in the Yogi government said that it would conduct an inquiry and see a report. Action will be taken after the report is submitted to the govt.

Harnam Singh's photo on the Chhattisgarh government's poster in 2020. Singh, who is part of the Bhartiya Kisan Union, said he did not know when his picture was clicked and used in the Chhattisgarh government's advertisement.

In UP, he was informed of his new-found fame by those around him.

"I am happy that I have been featured in the government advertisement but a lot more needs to be done in order to make UP farmers self-reliant and prosperous," said Singh.

# घर बैठे बनाएं आयुष्मान कार्ड पांच लाख का मिलेगा कवर




टीबीसी न्यूज

**गाजियाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 23 सितंबर 2018 में आयुष्मान भारत योजना शुरू की गई थी। इस योजना के तहत सरकार का लक्ष्य है कि देश के 40 करोड़ से अधिक नागरिकों को योजना के साथ जोड़ा जाए। इस योजना के अंतर्गत गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले पात्र परिवारों का पांच लाख रुपए तक का स्वास्थ्य बीमा कराया जाता है। लाभार्थियों को आयुष्मान भारत स्कीम से जुड़े अस्पतालों में मुफ्त इलाज किया जाता है।

योजना को आगे बढ़ते हुए सरकार के निदेशों पर आयुष्मान 3.0 के तहत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा अभियान चलाया जा रहा है। 15 दिनों तक चलने वाले इस विशेष अभियान के बारे में सीडीओ अभिनव गोपाल ने बताया कि भारत सरकार ने यूनिवर्सल हेल्थ के लक्ष्य को प्राप्त किया है। इसी के तहत राज्य सरकार द्वारा आयुष्मान भवः अभियान चलाया जा रहा है।

उन्होंने बताया की सेवा पखवाड़े को पांच बिंदुओं में विभाजित किया गया है। इसमें रक्तदान महादान अभियान चलाया जाएगा। साथ ही अंगदान की शपथ दिलाई जाएगी। इसके अलावा आयुष्मान आपके द्वार के तहत कार्डधारक स्वयं ऑनलाइन पोर्टल पर अपना रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं और उन्हें घर बैठे ही कार्ड दिया जायेगा।

सीडीओ ने बताया की सेवा पखवाड़ा के दौरान स्वच्छ भारत अभियान भी चलाया जाएगा। जिसमें लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाएगा।

प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर सेवा पखवाड़ा अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान राज्य और केंद्र सरकार अपनी-अपनी योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने का प्रयास कर रही है। इस दौरान 8 बिंदुओं पर कार्य योजना बनाकर लोगों को इन योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। योजनाओं से वंचित रहे लोगों को भी इस दौरान योजनाओं का लाभ दिया जाएगा।

गाजियाबाद के महानगर अध्यक्ष संजीव कुमार शर्मा ने बताया कि इस दौरान 8 बिंदुओं को लक्षित करते हुए योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने और जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है।

# बेकाबू होता जा रहा है डेंगू, एनडीआरएफ जवान समेत पांच लोगों की मौत

टीबीसी न्यूज

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में डेंगू जानलेवा बना हुआ है। पिछले एक माह से डेंगू के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। जिले में डेंगू अब बेकाबू होता जा रहा है। इस बार डेंगू की चपेट में आए एनडीआरएफ जवान की मंगलवार को एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। अस्पताल में हो रहे इलाज व टेस्ट के बाद डेंगू की पुष्टि हुई थी। इसके अलावा जवान को गंभीर ज्वांइटिस भी था। उसका पिछले एक सप्ताह से उपचार चल रहा था। निजी अस्पताल की ओर से स्वास्थ्य विभाग को जानकारी दे दी गई है। इसके बाद टीम द्वारा अस्पताल में जानकारी जुटाई जा रही है। कमला नेहरू नगर स्थित नेशनल डिजास्टर रिस्पांस फोर्स (एनडीआरफ) गाजियाबाद बटालियन में प्रदीप शुक्ला (33 वर्ष) तैनात थे। एक सप्ताह पहले जवान की तबीयत खराब होने पर बटालियन के ही अस्पताल में भर्ती कराया गया था। लेकिन, वहां हालात में सुधार नहीं होने पर उन्हें दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में रेफर कर दिया गया था।

यहां भी हालत में सुधार नहीं होने पर 18 सितंबर की सुबह गाजियाबाद स्थित गणेश अस्पताल में भर्ती किया गया। वहां उपचार के दौरान मंगलवार सुबह उनकी मौत हो गई। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार, प्रदीप शुक्ला को सीरियस ज्वाइंडिस भी था। एलाइजा टेस्ट के जरिए डेंगू की पुष्टि भी हुई थी। अस्पताल की ओर से मामले की सूचना स्वास्थ्य विभाग को दी गई।

जिला सर्विलांस अधिकारी डॉक्टर आरके गुप्ता ने बताया कि गाइडलाइन के अनुसार रैपिड किट से की गई जांच को डेंगू की कन्फर्म रिपोर्ट नहीं माना जाता है। प्रदीप शुक्ला डेंगू एनडीआरएफ में भी टीम भेजकर एंटी लार्वा स्प्रे और फागिंग करवायएनडीआरएफ में भी टीम भेजकर एंटी लार्वा स्प्रे और फागिंग करवायकी चपेट में कहां आए थे, इसकी जांच की जा रही है। अस्पताल से उनकी डेथ समरी मांगी गई है। एनडीआरएफ में भी टीम भेजकर एंटी लार्वा स्प्रे और फागिंग करवाया जा रहा है। अब तक डेंगू की चपेट में आने से जिले में पांच लोगों की मौत हो चुकी है। हालांकि विभाग की ओर से दो ही मौतों की पुष्टि की गई है। इसमें एक युवा उद्यमी एवं एक महिला शामिल है। जबकि एक पुरुष और एक बच्चे की मौत भी हो चुकी है, लेकिन तीन मामलों में मरीजों का एलाइजा टेस्ट नहीं हुआ था।

## डेंगू ने तोड़ दिया है बदन? जल्दी रिकवर करने के लिए खाएं ये फूड्स




कई हिस्सों में डेंगू के मामले लगातार बढ़ रहे हैं, इसलिए इसलिए इस बीमारी को फैलने से रोकने के लिए जरूरी कदम उठाने चाहिए। एडीज मच्छरों के कारण डेंगू फैलता है। क्योंकि ये बीमारी फैलाने वाले वायरस के कैरियर होते हैं अगर किसी इंसान को डेंगू बुखार हो जाए तो उसके शरीर का तापमान बढ़ जाता है, इसके कारण बदन दर्द होता है और काफी ज्यादा कमजोरी आ जाती है। ऐसे में अगर आप जल्द से जल्द ठीक होना चाहते हैं तो कुछ खास फूड्स खा सकते हैं।

**पपीते के पत्ते**

कई रिसर्च के मुताबिक डेंगू बीमारी के खिलाफ लड़ाई में पपीते के पत्ते आवश्यक हैं। ये प्लेटलेट काउंट को बढ़ाने में मदद करते हैं, जो डेंगू रोगी में खतरनाक रूप से निम्न स्तर तक गिर जाता है। आमतौर पर इन पत्तियों से बने रस को पीने से पीड़ित इंसान जल्दी ठीक हो जाता है।

**2. नारियल का पानी**

डेंगू के मरीजों को अक्सर सॉलिड डाइट लेने में दिक्कत होती है। ऐसे में नारियल का पानी राहत का सबब साबित हो सकता है। ये ड्रिंक सॉल्ट और मिनरल्स का एक रिच सोर्स है। इससे आपको डिहाइड्रेशन का अनुभव नहीं होगा क्योंकि यह शरीर के इलेक्ट्रोलाइट को बैलेंस रखता है। ये कमजोरी को भी कम करता है और आपके शरीर को रिकवर करता है।ये जरूरी है कि जब आप ठीक हो रहे हों तो रोजाना दो ग्लास नारियल पानी जरूर पिएं।

**3. अनार**

डेंगू के लिए सेहतमंद फलों की बात करें, तो अनार को टॉप लिस्ट में शामिल किया जा सकता है। ये विटामिन, मिनरल्स और अन्य पोषक तत्वों से भरा होता है जिससे शरीर को आवश्यक ऊर्जा मिलती है। अनार थकान और थकावट को कम करने में सहायक होता है। अनार में आयरन की मात्रा अधिक होती है, जो डेंगू पीड़ितों को ब्लड प्लेटलेट काउंट बनाए रखने और बीमारी से अधिक तेजी से उबरने में मदद करता है।

# ग्रेनो में इंटरनेशनल ट्रेड शो शुरू, राष्ट्रपति ने किया उदघाटन






टीबीसी न्यूज

**ग्रेटर नोएडा।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुरुवार को यहां यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के प्रथम संस्करण का शुभारम्भ किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी उपस्थित थे। शो 21 से 25 सितम्बर, तक ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्स्पो मार्ट में चलेगा। राष्ट्रपति ने कहा कि यूपी के उत्पादों को देश-विदेश के बाजारों तक पहुंचाने के लिए यह आयोजन अत्यन्त सराहनीय है। यह ट्रेड शो उत्तर प्रदेश के निमार्ताओं एवं उद्यमियों के लिए राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय बाजार तथा अपनी पहुंच और पकड़ बनाने का एक सशक्त माध्यम बनेगा।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश ने पिछले 06-07 वर्षों में देश के आर्थिक विकास को अपना विशिष्ट योगदान दिया है। राज्य की जीडीपी जो वर्ष 2016-17 में लगभग 13 लाख करोड़ रुपये थी, वह वर्ष 2022-23 में करीब 22 लाख करोड़ रुपये अनुमानित है। आर्थिक विकास तथा निवेश में वृद्धि हेतु कई कदम उठाए हैं। इन्वेस्टमेण्ट अपॉर्चुनिटीज को सरल बनाने, व्यापार को सुगम बनाने और इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेण्ट को गति दी गई। आज भारत विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और शीघ्र ही विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का स्थान प्राप्त करने के लिए संकल्पबद्ध है। उत्तर प्रदेश ने अपनी अर्थव्यवस्था को 01 ट्रिलियन डॉलर तक बढ़ाने का संकल्प लिया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि भारत के 05 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य में उत्तर प्रदेश की सरकार और यहाँ के लोग महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश सरकार विगत 06 वर्षों में अपने परम्परागत कारीगरों, हस्तशिल्पियों और उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के लिए अनेक कार्यक्रमों के साथ में आगे बढ़ी है। उन कार्यक्रमों की एक झलक इस इण्टरनेशनल ट्रेड शो के माध्यम से यहां पर आए हुए देश और दुनिया के बायर्स देख पाएंगे। प्रदेश के 96 लाख से अधिक एमएसएमई उद्योगों को एक नई प्रेरणा और प्रकाश प्रदान करेगा।

मुख्यमंत्री ने सभी एक्जीबिटर्स तथा बायर्स का स्वागत करते हुए कहा कि इस आयोजन की सफलता सभी की उपस्थिति के रूप में प्रदर्शित हो रही है। यह उत्तर प्रदेश का पहला इण्टरनेशनल ट्रेड शो है। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन और प्रेरणा से उत्तर प्रदेश ने विगत 06 वर्षों में बीमारू राज्य से देश की अर्थव्यवस्था के एक समृद्ध राज्य की ओर कदम बढ़ाया है। इण्टरनेशनल ट्रेड शो इस समृद्धि को शोकेस करने का एक अवसर है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के सभी 75 जनपदों का एक-एक यूनिक प्रोडक्ट है। प्रधानमंत्री जी ने परम्परागत हस्तशिल्पियों और कारीगरों को प्रोत्साहित करने के लिए विगत 17 सितम्बर को पीएम विश्वकर्मा योजना का शुभारम्भ किया है।

इस अवसर पर एमएसएमई मंत्री राकेश सचान, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता, मत्स्य मंत्री डॉ. संजय निषाद, परिवहन राज्यमंत्री दयाशंकर सिंह, मंत्री कपिल देव अग्रवाल, बृजेश सिंह, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा, औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज कुमार सिंह अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# कूड़ा प्रोसेसिंग में तेजी लाने के निर्देश



टीबीसी न्यूज

**गाजियाबाद।** कचरा निस्तारण की कार्यवाही को लेकर नगर आयुक्त, अपर नगर आयुक्त, और अन्य संबंधित अधिकारियों व फर्म के ठेकेदार सहित पाइपलाइन रोड पर स्थित कचरा प्रोसेसिंग यूनिट पर पहुंचे, कार्य की रफ्तार बढ़ाने के लिए कड़े निर्देश दिए। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश को निर्देश दिए कि कम समय में अधिक से अधिक कचरा प्रोसेसिंग किया जाए।

नगर स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि 1500 मेट्रिक टन कचरा प्रतिदिन प्रोसेसिंग किया जाता है। कभी-कभी बारिश के दौरान कचरा प्रोसेसिंग के कार्य में बाधा आती है। जिस पर मशीनों की संख्या बढ़ाने की आदेश दिए गए। साथ ही संबंधित अधिकारियों को शहर के कचरे का निस्तारण का कार्य प्राथमिकता पर करने के लिए मोटिवेट भी किया। दूसरा कचरा प्रोसेसिंग यूनिट तैयार करने के लिए योजना बनाने के लिए अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव को कहा गया।

## आरएचएएम ने रोटरी क्लबों के साथ जुलाई 23 अभियान चलाए

**गाजियाबाद।** रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सैफ्रोन, रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली ईस्ट एंड ने आरएचएएम यानि रहम फाउंडेशन की ओर से जुलाई से सितंबर के बीच कुल 23 अभियान चलाए हैं। ये अभियान गाजियाबाद एवं आसपास के क्षेत्रों में चलाए गए हैं। आरएचएएम के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. धीरज कुमार भार्गव ने बताया कि जुलाई और अगस्त में सात-सात अभियान और प्रोजेक्ट्स चलाए गए जबकि सितंबर में कुल नौ प्रोजेक्ट्स चलाए गए। इनमें रक्तदान शिविर, टीबी के मरीजों को न्यूट्रीशन फूड्स का वितरण, सैनेटरी पैड्स वितरण, पौधारोपण, कुष्ठ आश्रम में खाद्य पदार्थों का वितरण, बच्चों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर, बच्चों को पठन पाठन सामग्री का वितरण, जन्म दिन पर खाने के पैकेट्स का वितरण, मेमोग्राफी टेस्ट, कैंसर जागरूकता शिविर आदि शामिल है।
उन्होंने कहा कि रहम फाउंडेशन की ओर से 1100 टीबी के मरीजों को गोद लिया गया है। प्रधानमंत्री के टीबी मुक्त भारत अभियान के साथ जुड़कर लोगों को टीबी के प्रति जागरूक किया जा रहा है। आने वाले समय में और भी प्रोजेक्ट्स चलाए जाएंगे।

## रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली अपटाउन ने किया शिक्षकों को सम्मानित



**गाजियाबाद।** रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली अपटाउन ने शिक्षक दिवस एवं हिंदी दिवस के मौके पर कई जाने-माने साहित्यकार एवं शिक्षाविद लोगों को रोटरी शिक्षा रत्न सम्मान से सम्मानित किया। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. हरीश नवल, जो अमेरिका से क्लब में पधारे थे, उन्होंने शिक्षाविदों को सम्मानित किया। डीएवी पब्लिक स्कूल अशोक विहार की प्रिंसिपल कुसुम भारद्वाज और कई स्कूलों के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया। डॉ. रवि शर्मा ने सभी को बधाई दी। क्लब के कोषाध्यक्ष सुशील गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष रोटेरियन हर्षवर्धन आर्य को भी सम्मानित किया गया। पूर्व क्लब अध्यक्ष रोटेरियन दिनेश अग्रवाल ने धन्यवाद प्रस्ताव किया।

## रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली अपटाउन ने किया शिक्षकों को सम्मानित



**गाजियाबाद।** रोटरी क्लब पिलखुआ सिटी की ओर से स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सामान्य बीमारियों के साथ ही आंख, कान, दांत आदि की जांच की गई। शिविर में सैंकड़ों की संख्या में लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। अनुभवी डाक्टरों की टीम ने लोगों के स्वास्थ्य की जांच के बाद आवश्यक परामर्श दिए। शिविर में जरूरत मंदों को दवाई भी दी गई। शिविर में हीमोग्लोविन, ब्लड प्रेशर, खून आदि की भी जांच की गई। जिन लोगों में कमी पाई गई उन्हें

## राहुल तायल बने रोटरी क्लब के अध्यक्ष, नितिन गर्ग सचिव

शामली। रोटरी क्लब शामली की ओर से क्लब का अधिष्ठापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें राहुल तायल को अध्यक्ष, नितिन गर्ग का सचिव और रोहित बंगा को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। दिल्ली रोड स्थित बारात घर में आयोजित अधिष्ठापन समारोह का पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर दीपक जैन ने शुभारंभ किया। क्लब सचिव आकाश गुप्ता और कोषाध्यक्ष मोहित बंसल ने पिछले वर्ष के कार्यों का ब्यौरा पेश किया। नए अध्यक्ष राहुल तायल ने आगामी वर्ष के कार्यों की रूपरेखा पेश की। इस मौके पर अजय गुप्ता, अखिल तायल, मोहित बंसल, सुमित गोयल, कुणाल कौशल आदि उपस्थित थे।

## रोटरी क्लब ग्रीन ग्रेनो ने शिक्षकों को किया सम्मानित

**ग्रेटर नोएडा।** रोटरी क्लब ग्रीन ग्रेटर नोएडा प्राथमिक विद्यालय ग्राम डाढ़ा में शिक्षा प्रदान कर रहे टीचर्स को सम्मानित किया। कार्यक्रम में राजीव शर्मा, प्रिंसिपल चंचल शर्मा, सुषमा मिश्रा, सीमा देवी, सुलोचना, रविंद्र शर्मा, मछला, जरीना, ज्ञानेंद्र, दुर्गा शुक्ला को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रो. प्रीति अग्रवाल, प्रीति राठी, रो. राहुल शर्मा, रो. अंकुर गर्ग, रो. मनोज नागर, रो. सौरभ बंसल, रो. अमित राठी, रो. एमपी सिंह, रो. ऋषि अग्रवाल, रो. अतुल जैन उपस्थित रहे। रो. रणजीत सिंह ने अपने जन्म दिवस के अवसर पर बच्चों को मिठाई वितरित की।

## रोटरी क्लब सोनीपत ने किया अंगदान पर टॉक शो



**नई दिल्ली (टीबीसी न्यूज)।** रोटरी क्लब सोनीपत की ओर से अंगदान को लेकर एक टॉकशो का आयोजन किया गया। दिल्ली पब्लिक स्कूल, खेवड़ा में आयोजित टॉक शो में अंगदान के बारे में विस्तार से बताया गया। क्लब के सदस्यों ने कहा कि अंगदान से किसी की जान बचाई जा सकती है। भारत में अंगदान के प्रति ज्यादा जागरूकता नहीं है। मृत्यु के बाद होने वाले अंगदान से रिसर्च को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही मरीजों को अंग मिलने में आसानी होगी।

## रोटरी क्लब-3012 के तहत क्लबों की गतिविधियां

# जेपी विश टाउन के लेबर कैंप में चल रहे स्कूल के बच्चों को पठन पाठन सामग्री दी





**टीबीसी न्यूज**

**गाजियाबाद।** नोएडा सेक्टर-133 स्थित जे पी विश टाउन में लेबर कैम्प के अंतर्गत चल रहे एक कमरे में छोटे सा विद्यालय चल रहा है। इस विद्यालय में करीब 50 गरीब बच्च पढ़ रहे हैं। रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली ईस्ट एंड की ओर से 16 सितंबर को बच्चों को कॉपी, पेन्सिल, रबड़, शार्पनर, एवं खाने पीने का सामान दिया गया। 2 अध्यापिका एवं 1 सर्वेक्षक मुकेश की ओर से यह विद्यालय चलाया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रगान से की गई। कुछ बच्चों ने देशभक्ति के गीत सुना कर माहौल को काफी खुशनुमा कर दिया। बच्चे अपने लिए आए सामान से बहुत खुश नजर आए। प्रोजेक्ट हेड दयानंद शर्मा ने बताया कि उनके चेहरे पर आयी मुस्कान से हमारा प्रोजेक्ट सफल हुआ। इस मौके पर रो. दयानन्द शर्मा, रो. अनिल छाबड़ा , प्रेसिडेंट रो. यतिन्द्र कालरा, सचिव रो. अश्विनी छाबड़ा, ट्रेजरार रो. लक्ष्मण सिंह क्लब की तरफ से उपस्थित थे। परिवार से आये बच्चों में बानी छाबड़ा, रूही छाबड़ा, रेयॉन्श छाबड़ा ने भी विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों में काफी रुचि दिखाई।

# रोटरी क्लब प्रीत विहार ने नोएडा के शाहपुर गांव में छात्राओं को बांटी सैनेटरी नैपकिन





**टीबीसी न्यूज**

नई दिल्ली। रोटरी क्लब प्रीत विहार की ओर से छात्राओं को स्वच्छता के महत्व की जानकारी देने के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। नोएडा के शाहपुर गांव में स्थित वाटिका सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में रोटरी क्लब के सदस्यों ने मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता का विशेष ख्याल रखने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को सैनेटरी नैपकिन बांटी गई। प्रोजेक्ट कोर्डिनेटर एमेली मुंशी ने कहा कि उन जरूरी दिनों में महिलाओं द्वारा स्वच्छता का ख्याल नहीं रखने से कई बीमारियां घर कर सकती है।
रोटेरियन हरविंदर सिंह ने कहा कि समाज के इसके लिए जागरूकता होनी चाहिए तभी महिलाओं के स्वास्थ्य के बारे में सफलता हासिल की जा सकती है।
रोटरी क्लब की ओर से अंडर प्रीवीलेज महिलाओं को स्वच्छता के बारे में बताया जाता रहा है। रोटरी क्लब की ओर से हजारों महिलाओं को सैनेटरी पैड बांटे गए। इस मौक पर बच्चों ने घर व आसपास साफ सफाई रखने का भी संकल्प लिया।

# एनिमिया के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए शिविर आयोजित

**टीबीसी न्यूज**



**नई दिल्ली।** एनिमिया के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए शाहदरा में बुधवार को शिविर का आयोजन किया गया। रोटरी क्लब के लीडर ऑफ द मंथ काजल भैरव गुप्ता ने कैंप में एनिमिया और इससे होने वाले नुकसान के बारे में बताया। शिविर में 500 बच्चियों को गुड़ और चना दिए गए। काजल भैरव गुप्ता ने बताा कि एनिमिया मुख्यत खून की कमी होने से होती है। इसके लिए पौष्टिक खाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि रोटरी क्लब ने बच्चियों से एनिमिया की बीमारी को दूर करने का संकल्प लिया है। इसी के तहत शिविर का आयोजन किया गया है। आने वाले समय में दूसरे स्थानों में भी शिविर का आयोजन किया जाएगा। डॉ. प्रिया कपूर ने कहा कि गुड़ चना एक बेहद ही पौष्टिक खाद्य पदार्थ है। इससे शरीर में खून की कमी को पूरा किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि एनिमिया बच्चों में एक कॉमन बीमारी है। खासतौर पर लड़कियों में यह बीमारी ज्यादा पाई जाती है। इससे कई और बीमारी होने का खतरा रहता है। कार्यक्रम में रोटरी के कई सदस्य उपस्थित थे।

# विकास योजनाओं के लिए जमीन की दिक्कत नहीं होगी, जमीन का रिकार्ड तैयार

**टीबीसी न्यूज**




**गाजियाबाद।** शहरी क्षेत्र में अब विकास योजनाओं के लिए जमीन की दिक्कत नहीं रहेगी। नगर निगम ने पहली बार रिमोट सेसिंग एप्लीकेशन सेंटर की मदद से जमीन का रिकॉर्ड तैयार किया है। सर्वे के बाद पहली बार 2700 संपत्ति की पहचान हुई है। वहीं, 2151 किलोमीटर लंबी सड़क की भी पहचान हुई है। निगम को अब अपनी संपत्ति पर नजर रखना आसान हो जाएगा।

शहर में कितनी जमीन निगम की है, किस क्षेत्र की जमीन पर कब्जा है। तालाब और झील की क्या स्थिति है इसका पूरा रिकॉर्ड निगम के पास नहीं रहता था। जब भी कोई नई परियोजना पर काम करने की योजना तैयार की जाती तो जमीन की बाधा सामने आने लगती थी। यही नहीं, जमीन को कब्जामुक्त भी नहीं कराया जा रहा था।

शासन के आदेश पर शहरी क्षेत्र में रिमोट सेसिंग एप्लीकेशन सेंटर की मदद से जमीन, नाले, सड़क, पार्क आदि का सर्वे कराया गया. इसमें पता चला कि शहर में 2700 संपत्ति निगम की है। इनमें से बंजर भूमि, उसर भूमि, नवीन परती, पुरानी परती की पहचान हुई। 121 तालाब और झील का पता चला। फिलहाल 2300 संपत्ति का रिकॉर्ड तैयार कर लिया गया. 400 संपत्ति अभी रह गई हैं। अगले 15 दिन में उनका रिकॉर्ड भी तैयार हो जाएगा। निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता एनके चौधरी ने बताया रिमोट सेसिंग एप्लीकेशन सेंटर की मदद से सर्वे का काम दस दिन में पूरा हो जाएगा। अभी तक का डाटा टीम ने दो दिन पहले साझा किया था।

शहरी क्षेत्र के पांचों जोन में निगम की 2151 किलोमीटर लंबी सड़क है। अभी तक सड़कों की पहचान करने में दिक्कत आ रही थी। शहर में जीडीए, आवास विकास और नगर निगम आदि विभागों की सड़कें हैं। रिमोट सेसिंग एप्लीकेशन सेंटर की मदद से सड़कों का रिकॉर्ड तैयार कर लिया गया है। निगम के निर्माण विभाग ने सड़कों की पहचान देने का काम शुरू कर दिया है। मुख्य सड़क और वार्डों के अंदर की सड़कों पर नंबर दिए जा रहे है। इससे सड़कों की पहचान करना आसान होगा। इससे उनकी मरम्मत करने में आसानी होगी। इसी तरह नालों का रिकॉर्ड भी तैयार हो गया है। अब नालों की सफाई करने में आसनी होगी। रिमोट सेसिंग एप्लीकेशन से निगम के पार्कों का डाटा अभी तैयार नहीं हो सका। उस पर काम किया जा रहा है। माना जा रहा है कि एक सप्ताह में यह डाटा भी तैयार कर लिया जाएगा। इसके बाद निगम अपने पार्कों की पहचान कर कार्य करा सकेगा।

# शोभायात्रा के साथ तीन दिवसीय गणेश महोत्सव का समापन





**टीबीसी न्यूज**

**गाजियाबाद।** शहर में गणेश चतुर्थी धूमधाम से मनाई गई। सिद्धपीठ दूधेश्वर नाथ महादेव मठ मंदिर में मंगलवार से गणेश उत्सव का आयोजन किया गया। गणपति बप्पा की स्थापना के साथ तीन दिवसीय महोत्सव का आयोजन किया गया। गणेश महाराज की स्थापना मन्दिर श्रीमहन्त नारायणगिरी महाराज एवं मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष धर्मपाल गर्ग, गिन्नी गर्ग, अनुज गर्ग और प्रेरणा गर्ग ने की।
मंदिर परिसर में गणपति महाराज को प्रतिदिन लड्डूओं का भोग लगाया गया। इस दौरान हजारों भक्त भगवान गणेश की पूजा अर्चना कर पुण्य की प्राप्ति की। महंत नारायणगिरि महाराज ने बताया कि श्री दूधेश्वरनाथ मन्दिर में गणेश चतुर्थी पर महाराष्ट्र कि तरह गाजियाबाद स्थित दूधेश्वर में भी बहुत धूमधाम से मनाया जाता है। गणेश जी को भोग लगाने के लिए 5100 लड्डूओं का भोग लगाया गया। जिसमें आटा, चीनी, देसी घी, बुरादा, खोपरा, बेसन, गोंद, पंचमेवा, इलाइची आदि से तैयार किया गया। मन्दिर के पीठाधीश महन्त नारायणगिरि महाराज एवं मन्दिर विकास समिति के उपाध्यक्ष अनुज गर्ग, प्रेरणा गर्ग एवं दूधेश्वर वेद विध्यापीठ के आचार्य एवं छात्रों द्वारा मन्त्रोच्चारण साथ स्थापना एवं प्रतिदिन सुबह 10 से 12 बजे तक मन्त्रोच्चार के साथ दुर्बा सहस्त्रनाम से पूजन अर्चन कर लड्डू का भोग लगाया।

21 सितम्बर की सुबह 10 बजे दुधेश्वर मन्दिर से शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा मन्दिर से शुरू होकर दुधेश्वर चौक, दिल्ली गेट, चौपला मन्दिर, डासना गेट, रमते राम रोड, गंज, डाउन हॉल, चौपला मन्दिर से सिहानी गेट होती हुई मीनामल की धर्मशाला से गंगनहर मुरादनगर में मूर्ति का विर्सजन किया गया।

इसमें रथ, पांच प्रकार के अलग-अलग बैंड, सहारनपुर, उत्तराखंड, नासिक, हरियाणा, पंजाब का भागड़ा, मेरठ, गुजराती डांडिया झ-ांकी, तासे, 21 घोड़े आदि के साथ दूधेश्वर घाट मुरादनगर में विसर्जन किया गया। रास्तेभर में शोभायात्रा का स्वागत किया गया।

इस अवसर पर विजय मित्तल अध्यक्ष, श्रृगार सेवा समिति द्वारा व्यवस्था की जायेगी, जिसमें प्रतिदिन गणपति को लड्डू का भोग लगाया गया। इस मौके पर महामंडलेश्वर यति नरसिहंनन्द गिरी महाराज, महंत विजय गिरी महाराज, सुशील शर्मा, साहिब सिंह चौहान, आचार्य तोयराज, आचार्य नित्यानंद, शिव जौहर ,शालू, शिखा आदि मौजूद थे।



# रोटरैक्ट क्लब आफ जयपुरिया स्कूल ने नॉर्थ सेंट्रल, गाजियाबाद सनरेज और 6 क्लबों के साथ किया रक्तदान शिविर का आयोजन













डायरेक्टर जनरल जनरल डॉ. राजीव ठाकुर ने बताया कि रोटरी क्लब ने रक्तदान में नया रिकॉर्ड कायम किया है। रक्तदान अभियान लगातार जारी है। एकत्रित रक्त को ब्लड बैंक और अस्पतालों में भेजा जाता है। जहां जरूरत मंद रक्त ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने में रोटरी क्लब के सदस्य बढ़चढ़ कर हिस्सा लेते हैं। रक्तदान से किसी की जान बचाई जा सकती की। उन्होंने आम लोगों से भी रक्तदान करने के लिए आगे आने की अपील की है।


रोटेरियन अभिषेक जिंदल ने कहा कि अपने सामाजिक दायित्वों के तहत रोटरी क्लब ने समाज के हर वर्ग के जीवन स्तर में बढ़ोत्तरी करने का संकल्प लिया है। इसी के तहत स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में लगातार कार्य किए जा रहे हैं। रक्तदान के लिए लोगों को प्रेरित किया जा रहा है। रक्तदान का उददेश्य किसी को जीवनदान देना है। स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में रोटरी क्लब सरकार की हर मुहिम के साथ है। स्वास्थ्य का ख्याल रखने में रोटरी भूमिका निभा रहा है।


आरएचएएम फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. धीरज कुमार भार्गव ने कहा कि रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर, गाजियाबाद सैफ्रोन, ईस्ट दिल्ली और दूसरे रोटरी क्लब के साथ मिलकर आरएचएएम फाउंडेशन ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इसके अलावा टीबी मरीजों को न्यूट्रीशन फूड्स का वितरण, महिलाओं को सैनिटरी पैड् का वितरण हो या बच्चों की हर संभव मदद में रहम फाउंडेशन हमेशा एक कदम आगे रहता है।

**टीबीसी न्यूज**

**गाजियाबाद**। रोटरैक्ट क्लब आफ जयपुरिया स्कूल ऑफ बिजनेस, रोटरी क्लब आफ गाजियाबाद नार्थ सेंट्रल, रोटरी क्लब आफ गाजियाबाद सनरेज, रोटरी क्लब आफ गाजियाबाद सैफ्रोन, रोटरी क्लब आफ इंदिरापुरम गैलोर और रोटरी क्लब आफ दिल्ली ईस्ट एंड ने आरएचएएम यानि रहम फाउंडेशन के सहयोग से सोमवार ब्लॉक बी, शक्ति खंड, इंदिरापुरम के गेट नंबर एक पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस अभियान में इंटरैक्ट क्लब आफ जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल और गाजियाबाद भार्गव समाज समिति ने सहयोग किया।

शिविर में रोटरी क्लब के नोएडा स्थित ब्लड बैंक से जुड़े डॉक्टर्स और पैरा मेडिकल की टीमों ने लोगों के स्वास्थ्य परीक्षण के बाद रक्त एकत्र किया। शिविर में रोटरी क्लब के सदस्यों के अलावा आम लोगों ने रक्तदान में बढ़चढ़ कर भाग लिया। शिविर में 80 यूनिट रक्त एकत्र किए गए। आरएचएएम यानि रहम के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. धीरज कुमार भार्गव ने कहा कि एक यूनिट रक्त से किसी की जान बचाई जा सकती है। भारत में सड़क दुघटर्ना में हर साल लाखों लोगों की मौत होती है। इनमें से सबसे ज्यादा मौतें समय पर रक्त नहीं मिलने पर होती हैं। समय पर रक्त मिलने से कई लोगों की जानें बचाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से कोई नुकसान नहीं होता है। एकत्रित रक्त को नोएडा ब्लड बैंक को दिया जाएगा, जहां जरूरतमंद इसको हासिल कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि रहम फाउंडेशन की ओर से और भी सामाजिक दायित्व निभाया जा रहा है। फाउंडेशन ने 400 टीबी के मरीजों को गोद लिया गया है। इन मरीजों को लगातार न्यूट्रीशन फूड्स दिए जा रहे हैं। आने वाले समय में और भी टीबी मरीजों को गोद लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हाल ही में आरएचएएम फाउंडेशन ने जिला एमएमजी अस्पताल के टीबी मरीजों को खाने के लिए न्यूट्रीशन फूड्स दिए। आरएचएएम फाउंडेशन ने शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में कई अभियान शुरू किए हैं। एक ओर जहां स्कूली बच्चों को पठन पाठन सामग्री दी जा रही है, वहीं, फाउंडेशन की ओर के समाज के गरीब तबकों की महिलाओं को निशुल्क सैनेटरी पैड्स भी दिए जा रहे हैं। समय-समय पर खाने के पैकेट्स और अन्य सामग्री भी दी जा रही है। फाउंडेशन की ओर से हाल ही में वसुंधरा सेक्टर 12 और हिंडन स्थित कुष्ठ आश्रम में भोजन के पैकेट व दूसरे सामान दिए गए थे। कोरोना के दौरान मरीजों को ऑक्सीजन कंसंट्रेशन भी दिए गए। जयपुरिया स्कूल आफ बिजनेस के डायरेक्टर जनरल राजीव ठाकुर ने कहा कि रोटेरैक्ट क्लब की ओर से समय समय पर रक्तदान व अन्य सामाजिक कार्यों के माध्यम से जनसेवा का काम किया जाता है। उन्होंने कहा कि रक्तदान को महादान कहा जाता है। रक्तदान करने से पहले रक्तदाता के स्वास्थ्य की जांच की जाती है। जांच में उपयुक्त पाए जाने पर ही रक्त लिया जाता है।

इस मौके पर जयपुरिया स्कूल ऑफ बिजनेस के डायरेक्टर जनरल राजीव ठाकुर, कोर्डिनेटर सलोनी चिटकारा, आरएचएएम के फाउंडर डॉ. धीरज भार्गव, डीन एकेडेमिक डॉ. तपन कुमार नायक, सीएसआर की प्रो. आंचल सिंह, रो. अभिषेक जिंदल, रो. दिनेश मित्तल, रो. अपूर्व राज, रो. प्रतीक भार्गव, रो. योगेश गर्ग आदि उपस्थित थे।

Printed and Published by Dheeraj Kumar Bhargava at B.F.L Inrotech Ltd, C-9, Sector-3 Noida, Distt. Gautam Budh Nagar and Published at 282, Sarai Nazar Ali, behind MMG Hospital Ghaziabad (U.P.) 201 001. **Editor:** Dheeraj Kumar, **Resident Editor:** Manisha Bhargava** **Email:** editor@tbam.co.in **RNI. No:** UPBIL/2009/28691, **Postal Registration No.** UP/GBD80/2016-18, **Advertisement :** Ph. No.: 0120-2850800, 2850297, **Fax :** 0120-4561000. **Add:** Plot No- 516, Sector- 12, Friends Co-operative Society, Vasundhra, Ghaziabad (U.P.)** Responsible for selection of News under the PRB Act. Repro- duction in any manner, electronic or otherwise in whole or in post without prior written permission is prohibited.